पितृ पक्ष: पहले दिन विसर्जन घाटों पर तर्पण करके दिवंगतों को किया याद

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

भाद्रपद पूर्णिमा के साथ ही पूर्वजों का तर्पण शनिवार से शुरू हो गए है। 15 दिन तक पितृपक्ष के दौरान श्राद्ध, तर्पण के कार्यक्रम चलेंगे। सुबह छह बजे से लोग शीतलदास की बगिया में दिवंगतों का तर्पण करने पहुंचने लगे थे। विधि-विधान से दिवंगतों की आत्मा शांति के लिए तर्पण किया। जरूरतमंदों को भोजन कराने का सिलसिला चलता रहा। अलग-अलग समाज के लोगो ने अपने दिवंगत माता-पिता का तर्पण किया। घर-घर में भी पानी में गंगाजल डालकर लोगों ने तर्पण किया। भाद्रपद पूर्णिमा के पहले दिन शीतलदास की बगिया, छोटा तालाब, और हथाई खेड़ा डैम सहित कई अन्य जगहों पर बड़ी संख्या में लोगों ने तर्पण किया। श्राद्ध के पहले दिन शीतलदास की बगिया पर श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। श्रद्धालुओं ने यहां लगे पात्र में दूध चढ़ाकर अपने पितरों की मोक्ष के लिए कामना की।

15 दिन तक श्राद्ध, तर्पण के चलेंगे कार्यक्रम

सूर्यदेव को जल अर्पण

सभी तर्पणकर्ताओं ने बारी- बारी से देव, ऋषि, यम व पितरों को कुशा, अक्षत, पुष्प जवा, तिल के माध्यम से जल अर्पित किया। पितरों का आह्वान करते हुये उन्हें निमंत्रित किया। भगवान सूर्य देव को जल अर्पित करते हुये तर्पण कार्य की सम्पन्नता की।

पांच प्रकार के पौधे लगाने से पुरखों को मिलती तृप्ति : श्राध्द पक्ष में तुलसी,पीपल,बरगद,बिल्व पक्ष और अशोक के पौधे लगाने से पितरों की आत्मा को तृप्ति और मुक्ति मिलती है। इसके चलते राजधानी में बड़ी संख्या में लोग घरों व आस-पास के क्षेत्रों में इन पौधों का रोपण कर रहे है। इसके चलते वन विभाग की अहमदपुर नर्सरी सहित अन्य जगहों पर इन पौधों की मांग देखने को मिल रही है।

गायत्री शक्तिपीठ पर 35 लोगों ने किया श्राद्ध-तर्पण

गायत्री शक्तिपीठ, एमपी नगर में पितृपक्ष के प्रथम दिवस श्राद्ध-तर्पण एवं पिंडदान कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रांतीय प्रचार-प्रसार सेवक देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने श्रद्धालुओं को तर्पण-पिंडदान कराते हुए कहा कि श्राद्ध कार्य उत्साह से करना चाहिए, इसमें कदापि प्रमाद नहीं करना चाहिए। श्राद्ध पक्ष अपने पूर्वजों के पुण्य स्मरण का पर्व है। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में दो महिला जोड़ो सहित 35 से अधिक श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। इस अवसर पर माताजी भगवती देवी शर्मा के महाप्रयाण दिवस पर समयदान रूपी विशेष पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिला समन्वयक रमेश नागर ने शहरवासियों से अपील की है कि इस निःशुल्क श्राद्ध-तर्पण, पिंडदान कार्यक्रम में सहभागी बनकर अपने पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त करें।

व्यापारियों ने सीएम से कहा- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले अंतिम मास्टर प्लान जारी हो

मास्टर प्लान जारी होने पर व्यापारियों ने जताया आभार

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

भोपाल विकास योजना-2047 का प्रारूप जारी होने के बाद शहर के विभिन्न व्यापारी और व्यावसायिक संगठनों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मुलाकात कर आभार जताया। शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर व्यापारियों ने प्रारूप जारी करने के लिए उनका स्वागत-अभिनंदन किया। इस दौरान करीब 100 से अधिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

व्यापारी संगठनों ने कहा कि भोपाल के विकास के लिए मास्टर प्लान लंबे समय से जरूरत था। सरकार ने प्रारूप जारी कर इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि अगले वर्ष होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले अंतिम मास्टर प्लान भी जारी कर दिया जाए, ताकि निवेशकों के सामने शहर के विकास का स्पष्ट नियोजन उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री का क्रेडाई की भोपाल इकाई, चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, कोलार व्यापारी महासंघ, कोलार सर्राफा व्यापारी संघ, न्यू मार्केट व्यापारी संघ और संत हिरदाराम नगर व्यापारी संघ सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि भोपाल विकास योजना-2047 का उद्देश्य शहर को हरित, समृद्ध और समावेशी बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, नागरिकों और अधिकारियों के साथ समन्वय कर प्रारूप को धरातल पर उतारने की दिशा में काम करेगी।

भोपाल के सुनियोजित विकास में महत्वपूर्ण कदम: आलोक शर्मा

भोपाल । विकास योजना-2047 का प्रारूप जारी होना राजधानी के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है। मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने भोपाल के दीर्घकालिक और सुनियोजित विकास की दिशा में इस महत्वपूर्ण पहल को आगे बढ़ाया। सांसद ने कहा कि आज मुख्यमंत्री के निर्देश पर भोपाल विकास योजना-2047 का प्रारूप सामने आया है, यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

चैंबर ने किया मास्टर प्लान ड्राफ्ट का स्वागत

भोपाल। भोपाल चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, बीसीसीआई ने मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जारी होने का स्वागत किया है। संस्था के अध्यक्ष गोविंद गोयल ने राज एक्सप्रेस से चर्चा में कहा कि यह व्यापारियों के लिए सचमुच राहत भरी खबर है, और इसके लिए हम मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। वही ड्राफ्ट के संबंध में गोयल का कहना है कि अभी हम इसका अध्ययन करेंगे और अगर कहीं किसी तरह के सुधार की जरूरत हुई तो उसके संबंध में सरकार को सुझाव भी देंगे।

ब्रीफ न्यूज

राष्ट्रीय मीडिया संयोजक बनने के बाद पहली बार ग्वालियर पहुंचेंगे अग्रवाल

भोपाल। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष उषा अग्रवाल नवीन दायित्व संभालने के बाद पहली बार 27 सितंबर को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम में शामिल होने के साथ कार्यकर्ताओं और आत्मीयजनों से मुलाकात करेंगे। अग्रवाल सुबह 10 बजे वार्ड क्रमांक 17 स्थित रेशम मिल, हजीरा आंगनबाड़ी केंद्र में भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित द्वआंगन मिलन सेवाद्व कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे वार्ड क्रमांक 16 के महाराजा मानसिंह मंडल अंतर्गत चंदनपुरा, हजीरा में कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री के द्यमन की बातद्व कार्यक्रम को सुनेंगे। दोपहर 12 से 2 बजे तक वे गोविंदबाग कार्यालय में कार्यकर्ताओं और आत्मीयजनों से भेंट करेंगे। इसके बाद रात 7:30 बजे वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

डेमोस्ट्रेशन मल्टीपरपज स्कूल के पूर्व छात्रों का मिलन समारोह आज

भोपाल। डेमोस्ट्रेशन मल्टीपरपज स्कूल के 1965 से 2009 बैच तक के सभी पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह एवं फैमिली पिकनिक के नाम से 27 सितंबर रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक डेमोस्ट्रेशन स्कूल प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। डेमोलाइट कमेटी के अध्यक्ष संजय कुदेसिया ने बताया कि एक बार जो हमारा साथी इस आयोजन में आ जाता है, वह यही कहता है कि अगली बार तो आना ही है, क्योंकि यहां प्यार, सम्मान, अपनापन और भूली-बिसरी यादें मिलती हैं। इस दौरान वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों और 75 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व छात्रों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुतियां, स्कूल की उन प्रतिभाओं का सम्मान जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल को गौरवान्वित किया है।

दूसरे दिन भी देर रात तक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जारी रहा

भोपाल। शनिवार की देर रात तक सभी पारम्परिक विसर्जन घाटों पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जारी रहा। नगर निगम के मुताबिक 7 स्थाई विसर्जन घाट और 29 अस्थाई विसर्जन कुंडों में लगभग 42 हजार 318 छोटी और 2 हजार 197 बड़ी प्रतिमाएं विसर्जित की जा चुकी हैं। इस दौरान महापौर मालती राय और निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने विसर्जन घाटों का निरीक्षण किया। नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने 7 प्रमुख विसर्जन घाटों पर अपर आयुक्तों को नोडल अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा है। जो भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का ससम्मान एवं विधि-विधान के साथ विसर्जन की सभी व्यवस्थाएं करा रहे है। इन विसर्जन घाटों पर सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत क्रेन, बोट्स, सभी आवश्यक संसाधनों से लैस गोताखोर व फॉयर ब्रिगेड का अमला तैनात किया है।

मालवा और वीरावल एक्सप्रेस के लिए संत नगर स्टेशन में जुटी भीड़

नए एफओबी को खोलना पड़ा, बाहर जाम लगने से हुई परेशानी

● संत हिरदाराम नगर / राज न्यूज नेटवर्क

अंततः शनिवार को वह दिन आ गया जब इंदौर से वेष्णोदेवी कटरा एवं जबलपुर से वेरावल तक जाने वाली दोनो ट्रेनों का भोपाल मुख्य स्टेशन पर स्टॉपेज बंद हो गया जिस कारण निशातपुरा की तुलना में संत नगर इन दोनों ट्रेनों के यात्रियों की खासी भीड़ देखने को मिली। इधर यात्रियों को परेशानी न हो इसके लिए रेलवे ने एक अच्छा काम यह किया कि निर्माणाधीन 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज को प्लेटफार्म एक एंव दो से जोड़ दिया जिस कारण यात्रियों को प्लेटफार्म दो तक पहुंचने एवं वहां से बाहर आने में सुविधा हुई यहां एक्सलेटर व लिफ्ट अभी चालू नहीं है जिसकी सख्त जरूरत है।

प्लेटफार्म पर रौनक: जबलपुर एवं वेरावल तथा मालवा एक्सप्रेस के भोपाल स्टापेज खत्म होने से अधिकांश यात्रियों ने निशातपुरा की जगह संत हिरदाराम नगर को पसंद किया। जब यह प्रतिनिधि ट्रेन आने के आधा घंटा पहले स्टेशन पहुंचा तब वहां मालवा में दिल्ली और कटरा माता वेष्णोदेवी तक की यात्रा करने वाले

राजधानी भोपाल के अनेक यात्री मिले, जिनमें से अधिकांश हालांकि भोपाल स्टेशन स्टॉपेज खत्म करने से खुश नहीं थे, लेकिन उन्होंने संत हिरदाराम स्टेशन को पसंद किया। कोलार निवासी परिवार ने बताया कि वह निशातपुरा की जगह संत हिरदाराम नगर से आने जाने की सुविधा निशातपुरा से अधिक बेहतर है। जबकि कुछ यात्रियों का कहना था कि उनके लिए भोपाल मुख्य स्टेशन ही सही था। एक परिवार अयोध्या नगर निवास करता है, उनका कहना था कि उन्हें भोपाल से अपने घर पहुंचने में 15 मिनट लगते हैं, पर यहां से पौन घंटा लगेगा।

इस तरह दोनो ट्रेनों का भोपाल स्टॉपेज खत्म करने पर मिली जुली प्रक्रिया सामने आई। इधर चूंकि शनिवार को मालवा एक्सप्रेस का भोपाल स्टेशन न जाने का पहला दिन था और इसका ठहराव प्लेटफार्म दो रहता है। पूर्व में जहां दस बीस यात्री ही सवार होते थे, वहीं शनिवार मालवा में चढ़ने वाले यात्रियों की संख्या 200 से अधिक दर्ज की गई। इधर पुलिस द्वारा स्टेशन के बाहरी मार्ग पर कोई व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण वहां जाम ल गया जबकि इस बात जानकारी पहले से थी कि शनिवार से मालवा एक्सप्रेस एवं जबलपुर वीरावल ट्रेने भोपाल नहीं रूकेंगी बावजूद स्थानीय पुलिस ने यात्रियों को जाम से बचाने का कोई उपाय नहीं किया।

यूजीसी के नए प्रावधानों का विरोध सवर्ण समाज ने निकाला पैदल मार्च

माता मंदिर से राजभवन पहुंचे प्रदर्शनकारी, आरक्षण और सुरक्षा की मांग

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

यूजीसी के वर्ष 2026 के नए प्रावधानों की समीक्षा और उन्हें वापस लेने की मांग को लेकर सवर्ण समाज ने शनिवार को भोपाल में प्रदर्शन किया। यूजीसी संघर्ष समिति एवं कई सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने माता मंदिर स्थित प्लेटिनम प्लाजा से राजभवन तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी के नए नियमों और दिशा-निर्देशों में ऐसे प्रावधानों की समीक्षा की मांग की। उन्होंने आवश्यक संशोधन अथवा संबंधित प्रावधानों को वापस लेने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान आरक्षण व्यवस्था में आर्थिक आधार को प्राथमिकता देने और आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गो के लिए प्रभावी नीतियां बनाने की मांग भी की गई।

सवर्ण समाज से जुड़े सुनील पांडे ने कहा कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में छोटे स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे, लेकिन भोपाल से आंदोलन का औपचारिक आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन आगे दिल्ली तक ले जाने की तैयारी है। प्रदर्शनकारियों ने एससी-एसटी एक्ट में कार्रवाई से पहले जांच की व्यवस्था किए जाने की मांग भी उठाई। बुंदेला ने कहा कि अपने बच्चों के अधिकारों और भविष्य की रक्षा के लिए समाज को आवाज उठानी पड़ रही है। उन्होंने सरकार से ऐसे कानून और प्रावधान नहीं बनाने की अपील की, जिनसे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो।

रावतपुरा सरकार करेंगे मां राज राजेश्वरी का विशेष अर्चन अनुष्ठान

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

संत शिरोमणि श्री रविशंकर महाराज 'रावतपुरा सरकार' बारह वर्ष बाद फिर भोपाल में अनुष्ठान करने जा रहे हैं। इसके लिए वे 11 अक्टूबर से लेकर 26 अक्टूबर शरद पूर्णिमा तक भोपाल प्रवास पर रहेंगे। नवरात्र प्रवास के दौरान कई अनुष्ठान संपन्न होंगे। वहीं, शरद पूर्णिमा पर 113 वर्षों के बाद बन रहे विशेष योग में 26 अक्टूबर को शाम 7 बजे माँ राजराजेश्वरी का विशेष कोटि अर्चन (एक करोड़ अर्चन) लाल परेड ग्राउंड में किया जाएगा। सुख, शांति, समृद्धि, लक्ष्मी-प्राप्ति सहित कालसर्प दोष, पितृदोष, सर्व बाधा हरने वाला एवं मनोकामना पूर्ण करने वाला कलयुग का सबसे प्रभावी अनुष्ठान है। इस अर्चन की तैयारियां भोपाल भक्त मण्डल ने 1 माह पूर्व से ही शुरू दी हैं। माँ को अर्पित की जाने वाली सामग्री कई राज्यों से संग्रहित की जाएगी। हल्दी, कुंकुम, विभिन्न प्रकार के पुष्पों के साथ 1008 से भी अधिक सामग्रियों से माँ राजराजेश्वरी का अर्चन संपन्न होगा। श्री ललिता सहस्त्रनामावली में उल्लेखित माँ के एक हजार नाम रूपी वैदिक मंत्रो का उच्चारण कर श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट, वाराणसी, प्रयाग, वृन्दावन, उज्जैन के 1100 आचार्य इस अनुष्ठान को संपन्न कराएंगे।

26 अक्टूबर को लाल परेड ग्राउंड में होगा आयोजन

जिस घर में सुबह लूट करने बुजुर्ग को हथौड़े से मारा,उसी में रात को हुई चोरी

आरोपी अब तक फरार, अस्पताल में परिवार तो सूने घर के ताले काटे

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

अवधपुरी थाना क्षेत्र के न्यू श्रीराम परिसर फेस-3 में जिस घर में शुक्रवार सुबह लूटपाट की नीयत से घुसे बदमाशों ने 71 वर्षीय बुजुर्ग पर हथौड़े से हमला किया था, उसी घर में रात को चोरी हो गई। जानकारी के मुताबिक, न्यू श्रीराम परिसर निवासी मोहन चौधरी (71) पन्ना के डायमंड माइनिंग प्रोजेक्ट से 2016 में रिटायर्ड हुए हैं। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे तीन युवक घर में घुसे और पहली मंजिल के बाथरूम में मौजूद मोहन को रस्सी से बांधने का प्रयास किया। विरोध करने और शोर मचाने पर एक बदमाश ने उनके सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मोहन को एम्स में भर्ती कराया गया, जहां उनके सिर में करीब 40 टांके आए हैं। हमले के बाद मोहन चौधरी की पत्नी और बेटा भी अस्पताल में थे। शुक्रवार रात घर में कोई नहीं था। इसी दौरान बदमाशों ने मकान के ताले काटे और चोरी कर फरार हो गए। शनिवार शाम परिवार के घर पहुंचने पर चोरी का पता चला। पुलिस पहले बुजुर्ग पर हमले के मामले में महिला केयरटेकर को हिरासत में ले चुकी है। पूछताछ में उसके बॉयफ्रेंड और उसके परिचितों की मदद से वारदात कराने की बात सामने आई है।

थाने के घेराव के बाद भी चोरी

इलाके में लगातार चोरी और नकबजनी की घटनाओं को लेकर रहवासियों ने हाल ही में अवधपुरी थाने का घेराव किया था। रहवासियों का आरोप है कि पुलिस ने गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बावजूद सूने मकान में चोरी हो गई। कॉलोनीवासियों ने रात की गश्त प्रभावी नहीं होने का आरोप लगाते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

सतपुड़ा भवन के कर्मचारी ने फांसी लगाई

भोपाल। टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित अर्जुन नगर में शुक्रवार देर रात सतपुड़ा भवन के कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक डी -8, अर्जुन नगर निवासी सुशील बलवानी (45) सतपुड़ा भवन के आयुष विभाग में चपरासी थे। कुछ समय पहले उनकी पत्नी का निधन हो चुका है। घर में बेटा और बहू है। शुक्रवार शाम बेटा और बहू गणेश विसर्जन की झांकियां देखने गए थे। रात करीब 12 बजे लौटे तो उन्होंने पिता को दुपट्टे के फंदे के सहारे फांसी पर लटका देखा। पुलिस का कहना है की घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बेटा और बहू ने भी ऐसी कोई बात नहीं बताई जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सके।

रास्ते में ईवी चार्ज करेगा मोबाइल स्टेशन बाधाओं से सतर्क करेंगे अब स्मार्ट जूते

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

रास्ते में इलेक्ट्रिक वाहन की बैटरी खत्म हो जाए तो चार्जिंग स्टेशन वाहन तक पहुंचेगा। दृष्टिबाधितों को सामने की बाधा का संकेत उनके जूते देंगे और मरीज के चेहरे के हाव-भाव से दर्द पहचानने में एआई मदद करेगा। विद्यार्थियों ने रोजमर्रा की ऐसी जरूरतों को ध्यान में रखकर मॉडल तैयार किए हैं। आईईएस के विद्यार्थियों ने मोबाइल चार्जिंग स्टेशन और स्मार्ट शूज, ओरिएंटल कॉलेज के विद्यार्थियों ने ऑरा-पेनकेयर सॉफ्टवेयर तथा मैनिट के छात्रों ने डेरी में संक्रमण, मक्खियों और दुर्गंध के नियंत्रण के लिए डेरी शील्ड का प्रोटोटाइप प्रदर्शित किया। ये नवाचार बीयू में पांच दिन चले 13वें भोपाल विज्ञान मेले का हिस्सा रहे, जिसका शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कालिदास के मेघदूत का उदाहरण देते कहा कि भारत में सदियों पहले प्रकृति, धरती की बनावट और वर्षा चक्र को समझने की वैज्ञानिक दृष्टि मौजूद थी। उन्होंने उत्कृष्ट मॉडल बनाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष व एमपीसीएसटी के महानिदेशक डॉ.अनिल कोठारी ने बताया कि नवाचार संगम में बाल वैज्ञानिकों द्वारा 130 मॉडल प्रदर्शित किए गए। मेले में 46 नवाचार स्टॉल लगे और पांच दिनों में 20 हजार से अधिक सहभागियों ने हिस्सा लिया। नवाचार संगम के सीनियर स्कूल वर्ग में कार्मेल कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल, बीएचईएल की सृष्टि शर्मा और आद्या चतुर्वेदी का इको सिनैप्स प्रथम रहा।

बीयू में 13वें भोपाल विज्ञान मेले का समापन, मुख्य अतिथि मंत्री राकेश सिंह ने उत्कृष्ट नवाचारों को किया पुरस्कृत

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा टूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाई: प्रथम तल, जेड-26, जोन-1, आईसीआईसीआई बैंक के पास, एमपी नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462011.

ई-नीलामी – बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत
सुरक्षित अचल संपत्तियों का बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रुप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे "सुरक्षित लेनदार" कहा जाएगा) को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत सूचना की अनुस्मरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।

सुरक्षित संपत्तियाँ **"जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर 13-10-2026 को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम https://www.bankeauctions.com वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।

बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

सं. क्र.	प्रस्ताव संख्या याचक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (ई)	धरोहर राशि (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली (एच)	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
1	HF0197H21100748 **परमजीत सिंह (कर्जदार)** **माया (सह-कर्जदार)**	**नोटिस की तारीख: 09-01-2026** **कुल बकाया: रुपये 13,52,448** (सिर्फ तेरह लाख बयालीस हजार चार सौ अड़तालीस रुपये) 09-01-2026 तक और साथ में 11.4% सालाना ब्याज, जब तक कि लोन वसूल न हो जाए।	**भौतिक**	संपत्ति का वह पूरा भाग, जो एक फ्रीहोल्ड आवासीय फ्लैट नंबर एस-02, स्वर्ण कुंज, दूसरी मंजिल है, जिसमें 575 वर्ग फीट 53.44 वर्ग मीटर का निर्मित क्षेत्रफल शामिल है, जो कि अमिताश गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित कटारा हिल्स, भोपाल में बीर मडल अपार्टमेंट में नगर निगम, वार्ड नंबर 85, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित प्लॉट नंबर 104 **पर निर्मित है, साथ ही सभी पल और प्राप्य, उस पर सभी मौजूदा भवन** और संरचनाएं और मवन और संरचनाएं जो कि संबंधित बंधक की तिथि सेऐसे बाद किसी भी समय वहां बनाईनिर्मित की जा सकती हैं और उनमें सभी परिवर्तन और सभी जुड़ाव और फर्नीचर जो पृथ्वी से जुड़े हैं या स्थायी रूप से पृथ्वी से जुड़ी किसी भी चीज से जुड़े है. वर्तमान और भविष्य दोनों और निम्नानुसार बंधे हैं: पूर्व प्लॉट नंबर 105, पश्चिम कॉरिडोर/सीढ़ियाँ, उत्तर सड़क, दक्षिण फ्लैट नंबर एस-03	रू. 6,67,144.00/- (रुपये छह लाख सड़सठ हजार एक सौ चौवालीस मात्र)	रू. 66,714.40/- (रुपये छियांसठ हजार सात सौ चौदह और पैसे चालीस मात्र)	12-10-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	08-10-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	13-10-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	निरंक

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय-पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता- प्लॉट संख्या-68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर-7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी-**Support@bankeauctions.com**, संपर्क व्यक्ति-**विनोद चौहान, ईमेल आईडी-delhi@c1india.com** संपर्क नंबर-9813887931 से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता तभी से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस "**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड-नीलामी आय खाता,**" **बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के** पास, **43/44, विमल नगर-411014** के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से 12-10-2026 से पहले जमा करें और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूज़र आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई-मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होगी: **पताः प्रथम तल, जेड-26, जोन-1, आईसीआईसीआई बैंक के पास,** एमपी नगर, **भोपाल, मध्य प्रदेश – 462011 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.bankeauctions.com और www.grihumhousing.com पर जाएँ।**

इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 15 (पंद्रह) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।

किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो फ्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।

स्थान: मध्य प्रदेश दिनांक: 27.09.2026

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड